सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४ -२५

कक्षा:-चार विषय:हिंदी पाठ:7 धन्यवाद माँ

कठिन शब्द

1)व्यतीत

2)अधिकतर

3)सिलसिले

4)लापरवाह

5)अनुपस्थिति

6)क्षमा

7)रसोईघर

8)फटकारती

9)ज़िम्मेदारी

10)प्रशंसा

11)मनपसंद

12)शिकायत

13)बेपरवाह

14)संबंधी

15)सुरभि

16)तौलिया

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1)सुजल के पिताजी कहाँ गए हुए थे ?

उत्तर सुजल के पिताजी काम के सिलसिले में दो दिन के लिए शहर से बाहर गए हुए थे ।

प्रश्न2)सुरभि खाना खाते हुए क्या कर रही थी ?

उत्तर सुरभि खाना खाते हुए बोलती जा रही थी ।

प्रश्न3)सुजल ने माँ से माफ़ी क्यों माँगी ?

उत्तर सुजल खाना खाने से पहले हाथ धोना भूल गया था इसलिए उसने अपनी माँ से माफ़ी माँगी ।

प्रश्न4) दोनों बच्चे खुशी से क्यों उछल पड़े ?

उत्तर अपनी मनपसंद खीर बनने की बात सुनकर दोनों बच्चे खुशी से उछल पड़े ।

प्रश्न5) बच्चों ने माँ से क्या वादा किया ?

उत्तर बच्चों ने माँ से वादा किया कि वह अब कभी भी उन्हें शिकायत का मौका नहीं देंगें।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1)सुजल ने माँ के कहने पर खाने से पहले क्या किया ?

उत्तर सुजल खाना खाने से पहले हाथ धोना भूल गया था ।माँ के याद दिलाने पर सुजल ने हाथ धोकर तौलिया से पोंछे और फिर खाना खाने बैठ गया ।

प्रश्न2)माँ के रसोईघर में चले जाने के बाद सुजल ने सुरभि से क्या कहा ?

उत्तर माँ के रसोईघर में चले जाने के बाद सुजल ने सुरभि से कहा कि माँ हमें रोज़ अच्छी-अच्छी बातें सिखाती है ,लेकिन हम उन बातों को हमेशा भूल जाते हैं ।

प्रश्न3सुजल बेपरवाह क्यों हो गया था ?

उत्तर सुजल के पिताजी दो-तीन दिन के लिए किसी काम से शहर के बाहर चले गए थे ।पिताजी के जाने के बाद उसे किसी का भी डर नहीं था । इसलिए सुजल बेपरवाह हो गया था ।

प्रश्न4)बच्चों की क्या जिम्मेदारी है?

उत्तर माता-पिता बच्चों को हमेशा अच्छी शिक्षा देते हैं ।वे उन्हें अच्छा इंसान बनने के लिए अच्छी आदतों के बारे में जानकारी देते हैं ।उन अच्छी आदतों का पालन करना बच्चों की ज़िम्मेदारी है ।

प्रश्न5)माँ द्वारा बच्चों को बताई गई कोई तीन बातें लिखिए ।

उत्तर माँ के द्वारा बताई गई तीन बातें हैं :-

1)खाना खाने से पहले हाथ धोने चाहिए।

2)खाना चबा चबाकर खाना चाहिए ।

3)भोजन करते समय बातें नहीं करनी चाहिए ।

रिक्त स्थान भरिए।

1) सुजल अपना अधिकतर समय खेलने में व्यतीत करता था।
2) पिताजी की अनुपस्थिति में सुजल और भी लापरवाह हो गया।
3) तुम दोनों भोजन संबंधी कुछ अच्छी आदतें भूल गए हो ।
4) सुरभि खाने की मेज पर माँ के साथ वाली कुर्सी पर बैठी थी ।
5) सुजल और सुरभि भाई बहन थे ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

1)प्रशंसा - तारीफ़

सभी अतिथियों ने माँ के द्वारा बनाए गए खाने की प्रशंसा की ।

2)अवसर - मौका

सभी छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला ।

3)क्षमा - माफ़ी

गलती होने पर क्षमा माँगना अच्छी आदत है ।

4) टोकना - किसी बात की याद दिलाना

अध्यापक ने विद्यार्थी को गलत काम करने पर टोका ।

5)बेपरवाह - परवाह न करना

राम किसी से नहीं डरता वो तो बेपरवाह है ।